भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1633

उत्तर देने की तारीख : 09 मार्च, 2021

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय संग्रहालय

1633. श्री अश्वनी वैष्णव :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार कटक, ओडिशा में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के पैतृक स्थान को एक राष्ट्रीय संग्रहालय में परिवर्तित करने के लिए कौन-कौन से कदम उठा रही है; और

(ख) क्या सरकार ऐसा फ्रेमवर्क बनाने पर विचार करेगी जिसके माध्यम से नेताजी के बलिदानों और वीरता का उनके जन्म स्थान कटक, ओडिशा से देश भर और विदेश में प्रचार-प्रसार किया जा सके?

उत्तर

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) और (ख) : भारत सरकार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती के स्मरणोत्सव हेतु कई कदम उठाए हैं जो निम्नानुसार हैं :

i. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 23 जनवरी, 2021 को विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता में 3डी प्रोजैक्शन मैपिंग सहित 6 गैलरियों में एक मल्टी मीडिया स्थायी प्रदर्शनी- निर्भीक सुभाष का उद्घाटन

ii. "नेताजी के पत्र" पुस्तक का लोकार्पण

iii. स्मारक सिक्का एवं डाक टिकट जारी करना; और

iv. भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें नेताजी की विरासत का कीर्तिगान किया गया और जिसमें कई प्रख्यात कलाकारों को शामिल किया गया।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती के स्मरणोत्सव के लिए विचारार्थ स्थानों में से एक स्थान कटक है।